पत्र संख्या–14/निजी–910/2024–................................/सा0प्र0

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– ......../........./2026

विषय: **श्री राधाकान्त, बि०प्र०से० (कोटि क्रमांक–317/2024), माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, श्री मंजीत कुमार सिंह के आप्त सचिव (सरकारी) की प्रभार रहित अवधि के विनियमन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मंत्रिपरिषद के विघटन के फलस्वरूप, श्री राधाकान्त, बि०प्र०से० द्वारा दिनांक–19.11.2025 के पूर्वाह्न में श्री राजू कुमार सिंह, माननीय मंत्री, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद का स्वतः प्रभार त्याग कर, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान किया गया।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–2416/सा०प्र०, दिनांक–03.02.2026 एवं संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–234, दिनांक–12.02.2026 के द्वारा श्री राधाकान्त, बि०प्र०से० का पदस्थापन माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, श्री मंजीत कुमार सिंह के आप्त सचिव (सरकारी) के पद पर किया गया। उक्त अधिसूचनाओं के आलोक में श्री राधाकान्त द्वारा दिनांक– 13.02.2026 के पूर्वाह्न में अधिसूचित पद का प्रभार ग्रहण किया गया।

3. इस प्रकार श्री राधाकान्त दिनांक–19.11.2025 से दिनांक– 12.02.2026 तक बिना प्रभार के रहे।

4. अतएव, श्री राधाकान्त, बि०प्र०से० (कोटि क्रमांक–317/2024) की दिनांक–19.11.2025 से दिनांक–12.02.2026 तक की प्रभार रहित अवधि को मौलिक नियमावली के नियम 9(6)(b)(iv) जो बिहार सेवा संहिता के नियम–14(b) के सदृश है, के तहत पदस्थापन हेतु 'अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि' के रूप में विनियमित किया जाता है।

उक्त अवधि के लिए श्री राधाकान्त को कोटि वेतन देय होगा।

5. प्रस्ताव पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
**ह0/–**
(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

**ज्ञापांक–14/निजी–910/2024–**5962**/सा०प्र०, पटना–15, दिनांक:** 01/4**/2026**

**प्रतिलिपिः** सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना/ श्री राधाकान्त, बि०प्र०से०, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, श्री मंजीत कुमार सिंह के आप्त सचित (सरकारी)/~~प्रबंधक~~ (I.T), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

01.04.2026
सरकार के उप सचिव।